15/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन देशों, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की, उनकी यात्रा से उन्हें सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को इन देशों के पूरजोर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने में विश्व के प्रयासों को एकजुट करने में भी मदद मिलेगी। आज सुबह साइप्रस के लिए रवाना होने से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडा में जी 7 शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए जगह प्रदान करेगा।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है। सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उसे नागरिकों की ओर से हृदय को छूने वाले प्रशंसा भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में नागरिकों ने अपना गर्व, जीवंतता और देशभक्ति की भावना उडेल दी है। इससे सेना निरंतर प्रेरणा लेती है। सेना ने आश्वासन दिया है कि वह हमेशा राष्ट्र के लिए सम्मान और समर्पण के साथ सेवा के लिए तैयार है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने शनिवार को वेस्ट कामेंग जिले के रूपा में एक्स-सर्विसमेन की एक भव्य रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने दिग्गजों, वीर नारियों और उनके परिवारों को सम्मानित किया। उन्हें देशभक्ति और बलिदान का प्रतीक बताते हुए राज्यपाल ने उन्हें निरंतर समर्थन और कल्याण का आश्वासन दिया। उन्होंने दिग्गजों के परिवारों के युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया और राष्ट्र निर्माण के लिए "स्वाभाविक गुरु" के नाम से संबोधित किया। गजराज कोर्प्स के तहत 5 माउंटेन डिवीजन द्वारा आयोजित रैली में चिकित्सा शिविर, कल्याण सहायता डेस्क और सेना और राज्य एजेंसियों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

0000000000000000000000

विवादास्पद सियांग अपर मल्टी पर्पस प्रोजेक्ट (एसयूएमपी) पर आम सहमति बनाने के निरंतर प्रयास में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने शनिवार को ईटानगर में सियांग इंडिजिनियश फारमार्स फोरम (एसआईएफएफ) के सदस्यों के साथ बैठक की। एसयूएमपी के संबंध में यह मंच के साथ उनकी दूसरी बातचीत है, जिसे दो हजार आठ में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया है। बैठक के दौरान श्री मेन ने SIFF सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों और चिंताओं को सुना जा रहा है और उन पर उचित विचार किया जा रहा है।

00000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विमेन वेलपियर सोसाइटी (APWWS) ने राज्य सरकार से राज्य की राजधानी और सभी जिलों में POCSO अधिनियम, 2012 के तहत अलग से बाल-अनुकूल विशेष न्यायालय स्थापित करने का आग्रह किया। राज्य के विधि आयुक्त को दिए गए एक ज्ञापन में, APWWS ने मौजूदा नामित POCSO न्यायालयों में बाल-संवेदनशील बुनियादी ढांचे की कमी पर प्रकाश डाला, ऐसे उदाहरणों का हवाला देते हुए जहां पीड़ितों को अपर्याप्त सुविधाओं के कारण आरोपी व्यक्तियों के साथ दर्दनाक मुठभेड़ों का सामना करना पड़ा है। तात्कालिकता पर जोर देते हुए, APWWS ने बाल-अनुकूल सुविधाओं, प्रतीक्षा क्षेत्रों, परामर्श कक्षों और इन-कैमरा ट्रायल सेटिंग्स के साथ अलग-अलग न्यायालयों की मांग की है, जहाँ बाल पीड़ितों के लिए न्याय, सम्मान और भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी अदालते आवश्यक हैं।

0000000000000000000000

तानी लैंगवेज फाउंडेशन ने इंडोनेशिया के बाली में 11 से 13 जून तक आयोजित दक्षिण पूर्व एशियाई भाषाविज्ञान सोसायटी (SEALS) की चौतीसवीं वार्षिक बैठक में भाग लिया। तानी लैंगवेज संरक्षण में युवाओं की भागीदारी पर अग्रणी शोध प्रस्तुत करते हुए, जेएनयू के भाषाविद् हरिप्रसाद डोले और फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के एलेसेंड्रो डेविड ने तानी-भाषी समुदायों के बीच अंतर-पीढ़ी संचरण और डिजिटल कहानी कहने में चुनौतियों और नवाचारों पर प्रकाश डाला। इस फाउंडेशन ने भाषा पुनरुद्धार में सक्रिय एजेंटों के रूप में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया और स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर नीति समर्थन का आह्वान किया।

0000000000000000000000

गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में अब तक कुल बत्तीस मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है और चौदह शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि मृतकों में 4 अहमदाबाद, 2 वडोदरा, 1 खेड़ा, 1 अरावली, 1 बोटाद, 4 मेहसाणा और 1 उदयपुर से है। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विजय रूपाणी का डीएनए मिलान हो गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि आज सुबह 11 बजे पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मिलान हो गया।

00000000000000000

उत्तराखंड में आज सुबह केदारनाथ क्षेत्र के गौरीकुंड खर्क के पहाड़ी क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह तीर्थयात्री और पायलट शामिल हैं। हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा था।

0000000000000000

कल नाहरलागुन के बोरम ब्रिज के पास एक स्कूटी और डम्पर ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो किशोरों की दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ितों की पहचान उत्तर प्रदेश के अठारह वर्षीय मोहम्मद तनवीर खान और बिहार के सत्रह वर्षीय मोहम्मद साहिल आलम के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। असम के बिहपुरिया के बाईस वर्षीय डम्पर चालक मोहम्मद हसनुर इस्लाम को नाहरलागुन पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शवों को जांच और आगे की औपचारिकताओं के लिए ट्रीम्स भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

0000000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने राज्य के सोलह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम एजेंसी के अनुसार, अगले चौबीस घंटों के दौरान अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ गरज और बिजली गिरने की संभावना है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की याजिक हिलांग ने ग्यारह से पंद्रह जून तक भूटान के थिम्पू में आयोजित पंद्रहवीं साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। हिलांग ने महिला मॉडल फिजिक एक सौ पचपन सेंटिमिटर स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने प्रतिष्ठित क्षेत्रीय कार्यक्रम में महिला स्विमसूट फिजिक श्रेणी में कांस्य पदक भी जीता।

0000000000000000000000